पन्ना पुलिस ने किया कुल 19 चोरियों का खुलासा

30 लाख के सोने –चांदी के जेवर, मूर्तियों के मुकुट आदि बरामद

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न मंदिरों से सोने-चाँदी के छत्र एवं बहुमूल्य आभूषणों एवं घरों से की गई अन्य चोरियों सहित कुल 19 चोरियों का बड़ा खुलासा करते हुए लगभग 30 लाख की मशरूका जप्त करने मे सफलता हासिल की गई।

एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने आज पत्रकार वार्ता मे जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी अत्यंत शातिर प्रवृत्ति के हैं, जो पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरणों में संलिप्त रह चुके हैं तथा जेल जा चुके हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के पश्चात की गई पूँछताछ में पन्ना जिले सहित अन्य जिलों में घटित मंदिर चोरी सहित अन्य कई वारदातों का खुलासा हुआ है। विगत दिनों जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों (मंदिरों) से सोने-चांदी के छत्र एवं अन्य बहुमूल्य आभूषणों की चोरी की घटनाएँ घटित होने से आमजन की धार्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुँची थी। मंदिर चोरी की घटनाओं को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। एसपी पन्ना द्वारा गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के 07 संदेही व्यक्तियों को पटेल ढाबा देवेन्द्रनगर से पुलिस

अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर संदेहियों द्वारा अपने-अपने नाम पता ह्रदेश उर्फ हिरदेश लखेरा पिता श्री रामलाल लखेरा उम्र 27 साल निवासी ग्राम बंधूर थाना सलेहा जिला पन्ना (म.प्र.), शैलेन्द्र चैबे पिता रामचरण चैबे उम्र 25 वर्ष, बीरेन्द्र चैबे उर्फ बीरू पिता रामचरण चैबे उम्र 26 वर्ष, धीरेन्द्र चैबे उर्फ बीरू पिता रामचरण चैबे उम्र 30 वर्ष निवासी तीनों निवासी ग्राम फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना, विष्णुकांत सोनी पिता हजारीलाल सोनी उम्र 31 साल निवासी ग्राम गंज थाना सलेहा जिला पन्ना, कुन्जीलाल चैधरी पिता मिहीलाल चैधरी उम्र 29 वर्ष निवासी बिरसिंहपुर थाना पवई जिला पन्ना, सुरेन्द्र सोनी पिता चन्द्रिका प्रसाद सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी इटांय थाना पवई जिला पन्ना पुलिस टीम को बताये गये। पुलिस टीम द्वारा मन्दिर में की गई चोरियों एवं अन्य चोरियों के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा चोरी की वारदात कारित किया जाना स्वीकार किया है।

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से मन्दिर एवं घरो से की गई सोने-चाँदी की चोरी के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो ने चोरी किये सोने चाँदी के आभूषणो में से 2.5 किलो चाँदी गला दी है जो आरोपी सोनी के पास से पुलिस ने उक्त कच्ची चाँदी को जप्त करके आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एवं चोरी की गई 04 मोटर साइकिल, 06 कटर, नगदी 2 लाख 58 हजार 200 रूपये नगद, सोने चाँदी के छत्र एवं जेवरात वजनी करीब 2.5 किलो कुल मशरूका कीमती करीब 30 लाख रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही 5 एकड़ वन भूमि कराई गई मुक्त

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत आज अतिक्रमण के विरुद्ध दो अलग अलग स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस दौरान वन क्षेत्र की लगभग 5 एकड़ शासकीय वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए अतिक्रमण रोधी खंती खुदाई की गई। बीट मझगांव क्षेत्र में की गई कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम सक्रिय रूप से शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर मगरपुरा क्षेत्र में अतिक्रमित वन भूमि को मुक्त कराने की कार्यवाही परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार तथा वनरक्षक महेंद्र पटेल, एवं सहयोगी वन अमले द्वारा की गई। वन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

वन संसाधनों की सुरक्षा एवं जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य से ऐसी कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

कमिश्नर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, संभागायुक्त अनिल सुचारी ने गत गुरूवार को संभाग अंतर्गत समस्त जिलों में राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्धारित समयावधि में निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए।

इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी एसडीएम पन्ना नरेन्द्र सिंह धुर्वे भी उपस्थित रहे।

कमिश्नर श्री सुचारी ने वर्चुअल समीक्षा बैठक के अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और प्रकरणों में विभिन्न स्तर पर प्रगति की समीक्षा की एवं राजस्व विभाग द्वारा सभी अपेक्षित कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आमजनता के राजस्व संबंधी प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। नागरिक सेवाओं से संबंधित मामलों में भी समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर तहसीलदार द्वारा पारित निर्णयों को तत्काल राजस्व अभिलेख में दर्ज करने तथा अभिलेख सुधार की कार्रवाई, राहत राशि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण और अन्य राजस्व संबंधी मामलों में भी मानवीयता के आधार पर सहायता राशि वितरण संबंधी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ भी अब फॉर्मर आईडी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। संभाग के सभी जिलों में फॉर्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं। इसके अलावा न्यून प्रगति वाले न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को 15 दिवस में प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण तथा सीएम हेल्पलाइन के 50 दिवस से अधिक राजस्व संबंधी लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण के लिए भी निर्देशित किया गया।

अवैध प्रवेश कर रही तीनों जिप्सियां एक सप्ताह के लिए प्रतिबंधित

- वनरक्षक निलंबित, होगी कड़ी कार्यवाही- डिप्टी डायरेक्टर

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, गत 26 जनवरी को राजगढ़ पैलेस पर 17 पर्यटकों को जो कि मड़ला गेट से अवैध रूप से 3 जिप्सियों में सवार होकर अवैध प्रवेश करने जा रहे हैं। जिसे पार्क प्रबंधन ने उनके इस प्रयास को मड़ला गेट मे ही विफल कर दिया गया था।

जानकारी लगते ही डिप्टी डायरेक्टर पन्ना टाईगर रिजर्व वीरेंद्र पटेल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में प्रथम दृष्टया संलिप्त पाये गये वन रक्षक को निलंबित करते हुए विस्तृत जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही उक्त अवैध प्रवेश मे संलिप्त तीनों जिप्सियों को एक सप्ताह के लिए पन्ना टाईगर रिजर्व में प्रवेश के लिए रोक लगा दी गई है। डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर श्री पटेल ने बताया कि विस्तृत जांच रिपोर्ट के आदेश दिये गये हैं रिपोर्ट आते ही कड़ी कार्यवाही की जायेगी किसी को नहीं बख्शा जायेगा। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस के दिन टाईगर रिजर्व के मड़ला गेट पर प्रवेश की कोशिश करने के दौरान तीन सफारी वाहन पकड़े गए। पकडे गए वाहनों के नंबर एमपी 35 टी 0829, एमपी 35 वी 8759 और एमपी 35 टी 0911 हैं। इन वाहनों के पास पार्क में प्रवेश की सफारी वाहन का प्रवेश टिकट नहीं था। वाहनों के मड़ला गेट से प्रवेश के पूर्व ही सहायक संचालक देवेंद्र अहिरवार ने वाहनों की चेकिंग की, टिकट पूंछतांछ की फर्जी टिकट होने के कारण वाहनों को पकड़ कर इसे असफल कर दिया।

अमानगंज में 77वें गणतंत्र दिवस पर नगर में बिखरी देशभक्ति की छटा

नवभारत न्यूज

अमानगंज/पन्ना 30 जनवरी, देशभर के साथ-साथ अमानगंज नगर और क्षेत्रीय ग्रामीण अंचलों में 77वां गणतंत्र दिवस पूरी आन-बान और शान के साथ मनाया गया।

नगर के ऐतिहासिक स्थानीय फील्ड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रभक्ति का ऐसा ज्वार उमड़ा कि हर कोई तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया मुख्य समारोह के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस बल द्वारा राष्ट्रध्वज को शगार्ड ऑफ ऑनरश् दिया गया, जिसकी लयबद्धता ने दर्शकों में जोश भर दिया। कार्यक्रम के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले की प्रमुख भूमिका रही। समारोह में रामकुमार दुबे द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया।

स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य और नाटकों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।नगर के विभिन्न शासकीय और अशासकीय संस्थानों में भी बड़े उत्साह के साथ ध्वजारोहण किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई भव्य झांकियां रहीं। इन झांकियों के माध्यम से भारत की विविध संस्कृति, विकसित भारत का संकल्प और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत नजारा पेश किया गया।

शाहनगर वन परिक्षेत्र में आयोजित हुआ का पहला अनुभूति नेचर कैंप

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, मध्य प्रदेश वन विभाग और मध्यप्रदेश इकोपर्यटन विकास बोर्ड के मार्गदर्शन में स्कूली विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने हेतु संचालित अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिण वन मंडल पन्ना के शाहनगर वन परिक्षेत्र में वर्ष 2025-26 का पहला अनुभूति नेचर कैंप आयोजित किया गया।

यह शिविर सिद्ध स्थल बाला जी टिकरिया में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य बच्चों में वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में उप वनमंडलाधिकारी कल्दा नितिन कुमार निगम तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर राजुल कटारे उपस्थित रहे। शिविर में पीएम हाई स्कूल बिसानी एवं शासकीय हाई स्कूल टिकरिया के लगभग 130 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव तथा हम हैं धरती के दूत थीम पर आधारित इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों को प्रात: जंगल भ्रमण एवं पक्षी दर्शन कराया गया। मास्टर ट्रेनर अजय चैरसिया एवं वन कर्मचारियों द्वारा बच्चों को वन्य जीवों, पक्षियों, वनस्पतियों और जैव विविधता की विस्तृत जानकारी दी गई।

बच्चों ने दीमक, कीट पतंगों, घास प्रजातियों, विभिन्न वृक्षों, औषधीय पौधों तथा लघु वनोपज को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उनके नाम व उपयोग के बारे में जाना। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जैव विविधता, इकोसिस्टम, फूड चैन, वन संरक्षण, वन्यप्राणी संरक्षण तथा मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सही एवं त्वरित उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पूरा शिविर प्लास्टिक फ्री थीम पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर राजुल कटारे, पत्रकार बंधु, संबंधित विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा शाहनगर वन परिक्षेत्र के समस्त वनकर्मी उपस्थित रहे।

दीपक का सहायक यंत्री के लिए हुआ चयन

नवभारत न्यूज

सलेहा/पन्ना 30 जनवरी, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 2024 परीक्षा में सहायक यंत्री सिविल विषय की चयन सूची जारी की गई। जिसमें दीपक कुमार सोनी द्वारा प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



सलेहा निवासी दीपक कुमार सोनी पिता श्री रंग सोनी के बेटे का चयन सहायक यंत्री पद पर हुआ है। वर्तमान समय में दमोह जिले में शासकीय सेवा करते हुए मध्य प्रदेश लोक सेवा परीक्षा 2024 परिणाम 29 जनवरी को घोषित हुआ ,जिसमें इनका चयन सहायक यंत्री सिविल के लिए हुआ। दीपक के पिता श्री रंग सोनी जनपद पंचायत गुनौर में उपयंत्री पद पर कार्यरत है, माता श्रीमती चंदा सोनी सलेहा में सहायक शिक्षक पद पर सेवारत है।

यूजीसी में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

पन्ना 30 जनवरी, मध्य प्रदेश ब्राम्हण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजन में सवर्ण समाज की ओर से दो सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को जोरदार विरोध पदर्शन किया गया।

सभा में उपस्थित वक्ताओं ने यूजीसी एक्ट 2026 का विरोध करते हुए इसे समाज को बांटने वाला कानून बताया। साथ ही आईएएस संतोष वर्मा के कथित बयान की सभी वर्गो एवं समुदायों ने निंदा की। संवर्ण समाज के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई, जो पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारी बोले यह आंदोलन केवल पन्ना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन दिए जाएंगे।

क्षत्रिय समाज के सुरेंद्र सिंह परमार ने कहा कि इतिहास साक्षी है, जब जब अन्याय हुआ है क्षत्रिय समाज ने आगे बढ़कर उसका प्रतिकार किया है। ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष रामगोपाल तिवारी ने समाज को एकजुट होने का आह्वान किया, एड राजेश तिवारी ने एकता के साथ अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की बात कहीं संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रदीप द्विवेदी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यूजीसी कानून वापस नहीं लिया तो पन्ना की सड़कों पर जन सैलाब उमड़ेगा। कायस्थ समाज के जिला बिंदू प्रसाद खरे ने इसे राजनीति से प्रेरित कानून बताया।

विद्यालय में आयोजित किया गया करियर मेला-2026

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 30 जनवरी, विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अजयगढ़ के सांदीपनि विद्यालय मे करियर मेला 2026 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कक्षा 09 से लेकर कक्षा 12वीं तक के समस्त छात्र /छात्राओं को उनके करियर मार्गदर्शन हेतु एक सुव्यवस्थित मंच उपलब्ध कराना था।

करियर मेला के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र के कुशल व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। मेले के माध्यम से विभिन्न करियर आयामों की चर्चा की गयी जिसमे छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, विकास खंड शिक्षा अधिकारी भगवान दास रजक वीएम ओ डॉक्टर शोभाराम शर्मा, नगर निरीक्षक बखत सिंह, वन क्षेत्रपाल पंकज दुबे, आदि उपस्थित रहे। अतिथियों के समक्ष वोकेशनल आई टी की छात्राओं द्वारा ब्यूटी के एक इंटरव्यू का रोल प्ले किया गया जिसकी सभी अतिथियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। अंत मे सभी अतिथियों का प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा धन्यवाद अभिवादन किया गया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।

शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण

पन्ना, कलेक्टर कार्यालय में महात्मा गांधी के बलिदान दिवस एवं वीर शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को दो मिनट का मौन धारण किया गया। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शहीदों की स्मृति में 11 बजे दो मिनिट का मौन धारण किया। इस अवसर अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

धरमपुर रेंज में दूसरे अनुभूति कैंप में कुल 126 छात्रों ने की सहभागिता

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 30 जनवरी, वन मंडल - उत्तर पन्ना में वन-परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत खंडियन हनुमान मंदिर के समीप मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वावधान में आज दिनांक 30 जनवरी को दूसरा अनुभूति कैंप का सफल आयोजन किया गया।

इस पर्यावरणीय एवं शैक्षणिक कार्यक्रम में माध्यमिक शाला देवपुर, माध्यमिक शाला देवगांव एवं माध्यमिक शाला किशनपुर के कक्षा 7वीं, 8वीं कुल 126 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं

जैव विविधता से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना रहा। कैंप के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनीष रावत द्वारा विद्यार्थियों को खंडियन के हनुमान मंदिर के समीप पक्षी दर्शन कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न पक्षी प्रजातियों, उनके आवास, भोजन श्रृंखला एवं पर्यावरण में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल के माध्यम से वन क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अजयगढ़ श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वृंदावन पटेल उपस्थित रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर वैभव चंदेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ओमकार मिश्रा साथ ही में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष हरि सिंह बुंदेला एवं परिक्षेत्र सहायक नरदहा राजाराम कोंदर, परिक्षेत्र सहायक देवगांव महीप रावत,परिक्षेत्र सहायक सिंहपुर भगवत आरख, वनरक्षक उमंग खरे, वनरक्षक अर्पित रूसिया, वनरक्षक रामखगेश पटेल एवं परिक्षेत्र धरमपुर के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

भालू हमले में घायल को वन विभाग ने दी आर्थिक तात्कालिक सहायता

पन्ना, दिनांक 29 जनवरी को दक्षिण पन्ना वनमण्डल के शाहनगर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत बिसानी ग्राम क्षेत्र में भालू के हमले की सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र सहायक बिसानी अनिल प्रताप सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल वाले आदिवासी ने बताया कि वह प्रात: लगभग 6 से 7 बजे के बीच बिसानी वन कक्ष क्रमांक पी-997 से लगे राजस्व क्षेत्र स्थित अपने खेत की रखवाली के लिए गया था। इसी दौरान अचानक एक भालू खेत में आ गया और सामने से उस पर हमला कर दिया। वन विभाग द्वारा घायल व्यक्ति को परिक्षेत्र सहायक द्वारा तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई। प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल को बेहतर इलाज हेतु कटनी रेफर किया गया, जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में लॉजिकल डिस्क्रेपेन्सी के निराकरण के लिए पन्ना जिले में विभिन्न विभागों के 50 अधिकारियों को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिरिक्त एईआरओ को निर्धारित प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपादन के दृष्टिगत आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना अखिलेश प्रजापति द्वारा अतिरिक्त एईआरओ को आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुक्रम में निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही गंभीरतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन की अपेक्षा की गई। उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी नियम निर्देशों की जानकारी प्रदान कर दायित्वों और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

सड़क हादसे में घायल की जान बचाने में निभाई अहम भूमिका

पन्ना 30 जनवरी, दिनांक 29 जनवरी की रात्रि लगभग 9.15 बजे दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र रैपुरा की नियमित रात्रि गश्ती टीम बीट जमुनिया अंतर्गत जिला सीमा क्षेत्र के समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने एक मोटरसाइकिल को असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त होते हुए देखा, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। घायल की पहचान गोलू चैधरी पिता बच्चू चैधरी, निवासी देवरी रतन के रूप में हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल डायल 112 एवं एम्बुलेंस सेवा 108 को सूचना दी। एम्बुलेंस के मौके पर पहुंचने तक टीम के सदस्यों ने घायल को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई तथा तत्पश्चात घायल को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा भेजा गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल की हालत को गंभीर मानते हुए उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया। इस कार्य में वनरक्षक प्रेमशंकर सिंह एवं वनरक्षक सुमंत सिंह की विशेष भूमिका रही।

पवई नगर में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

पवई/पन्ना 30 जनवरी, माँ कलेही की पावन नगरी पवई मे 27 जनवरी को महाराजा छत्रसाल स्टेडियम मे विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया.

जिसमे समाज जागरण एवं राष्ट्र निर्माण के विषयो पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिषेक मोनू जैन रहे। कार्यक्रम मे पर्वतारोही गौरी अरजरिया की विशेष उपस्तिथि रही। मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र प्रचारक क्रीडा भारती रहे उन्होंने समाज हित के विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. रजनीश शास्त्री ने अपने वक्तव्य मे प्राकृतिक संरक्षण, जल संरक्षण, पर्वत संरक्षण के विषयों पर प्रकाश डाला।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में मनाया गया मौन दिवस

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में मौन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: 11 बजे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में पर खड़े होकर मौन धारण किया।